2 फरीदाबाद | 6 अभिमत | 9 देश-विदेश | 11 फीचर

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, मंगलवार, 09 मई, 2023

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए You Tube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



रोहित की फार्म और डेथ ओवरों की गेंदबाजी मुंबई के लिए चिंता का विषय

पेज - 12

# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महाविद्यालय की युवा रेडक्रॉस व सैंट जॉन एंबुलेंस बिग्रेड की इकाइयों द्वारा रेडक्रॉस संस्थापक सर जीन हेनरी डयूनांट के जन्मदिन के अवसर पर विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत व रैडक्रॉस के समग्र समन्वयक डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. केएल कौशिक, डॉ. राम चंद्र, डॉ. रितु, डॉ. देवेंद्र, पूजा, सुभाष, लवकेश आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया।

सर जीन हेनरी डयूनांट की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. जयपाल सिंह, यूथ रेडक्रॉस कोर्डिनेटर ने सर जीन हेनरी डयूनांट की जीवनी प्रस्तुत की। प्राचार्य ने भी सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेने व उनकी तरह समाज के कल्याण में अपनी विशेष भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को सहायता करना मानव का परम धर्म है। कार्यक्रम में प्राचार्य ने सभी को निस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम में भाग लेते स्वयंसेवक।

उन्होंने कहा नर सेवा ही सही मायने में नारायण सेवा है। इस अवसर पर सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने के लिए स्वयंसेवकों ने सेवा भाव को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाने की शपथ ली। आज ही के दिन विश्व थैलीसेमिया दिवस भी होता है। इस अवसर पर फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया व सर्वोदय अस्पताल सेक्टर-8, फरीदाबाद ने महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत को 2022-23 में समाज कल्याण के लिए किए गए परोपकारी कार्यों के लिए सर्वोदय अस्पताल के सभागार में संपन्न कार्यक्रम में सम्मानित किया। इस अवसर पर सर्वोदय अस्पताल सेक्टर-8 के सीएमडी डॉ. राकेश गुप्ता व रविंद्र डुडेजा मौजूद रहे।